चुकन्दर से चीनी

†2587. **श्री कुम्भा राम आर्य** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में चुकन्दर से चीनी बनाने वाले कुल कितनी चीनी मिल हैं और वे कहां कहां हैं ;

(ख) चुकन्दर का सबसे अधिक उत्पादन कहां होता है और क्या वहां पर चुकन्दर से चीनी बनाने वाली चीनी मिल हैं ;

(ग) लागत मूल्यों को ध्यान में रखते हुए चुकन्दर से पैदा की गई चीनी और गन्ने से पैदा की गई चीनी के तुलनात्मक दाम क्या हैं ?

कृषि तथा ग्रामीण विकास मंत्रालयों में राज्य मंत्री (श्री आर० वी० स्वामीनाथन) : (क) केवल एक चीनी मिल अर्थात् दि गंगानगर शुगर मिल्स लि०, श्रीगंगानगर, राजस्थान ही चुकन्दर से चीनी तैयार कर रही है ।

(ख) वाणिज्यिक पैमाने पर केवल राजस्थान के श्रीगंगानगर के क्षेत्र में ही चुकन्दर की पैदावार की जाती है और उस क्षेत्र में केवल एक ही फ़ैक्ट्री है ।

(ग) चुकन्दर से चीनी बनाने के लिए माल की लागत कम थी लेकिन रूपान्तरण लागत अधिक थी, अतः चुकन्दर और गन्ने की चीनी का कुल उत्पादन लागत लगभग समान ही थी । इस समय गन्ने और चुकन्दर की चीनी के मूल्यों के बीच कोई अन्तर नहीं है ।

केन्द्रीय पशु पालन फार्म

2588. **श्री कुम्भा राम आर्य** : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उन स्थानों के राज्य-वार नाम क्या हैं जहां भारतीय गायों और भैंसों के दूध का उत्पादन बढ़ाने के लिए समेकित पशु विकास संबंधी वैज्ञानिकों की सिफारिशों के अनुसार केन्द्रीय पशु पालन फार्म खोले गए हैं और ऐसे केन्द्र किन तारीखों को खोले गए थे ;

(ख) इन फार्मों में किन नस्लों के पशु रखे गए हैं ;

(ग) इन फार्मों में कितने पसु मरे हैं और कितने पशु जीवित हैं ;

(घ) इन फार्मों में फार्मों के खोलने से अब तक कितने नए मादा पशु रखे गये हैं; और

(ङ) नए मादा पशुओं से प्राप्त होने वाले दूध का ब्यौरा क्या है ?

कृषि तथा ग्रामीण विकास मंत्रालयों में राज्य मंत्री (श्री आर० वी० स्वामीनाथन) : (क) और (ख) अपेक्षित ब्यौरा देने वाला एक विवरण संलग्न है ।

(ग) से (ङ) जानकारी सम्बन्धित केन्द्रीय पशु प्रजनन फार्मों से एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।